# कार्यालय :- वन प्रमण्डल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमण्डल।

E-mail Address : dfo-chatranorth@gov.in, Phone No. : 06541-253240


पत्रांक : 1453 दिनांक : 28/05/2019

सेवा में,

प्रबंधक,
झारखण्ड उर्जा संचरण निगम लि0
संचरण अवर प्रमंडल,
चतरा।

विषय :– **ग्राम–बोरा, प्रखण्ड–हंटरगंज, जिला–चतरा में प्रस्तावित 132/33 के.वी. ग्रिड सब–स्टेशन का निर्माण हेतु वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव के सम्बंध में।**

प्रसंग :– आपका पत्रांक 30 दिनांक 21.05.2019

महाशय,

उपयुर्क्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के सम्बन्ध में कहना है कि ग्राम–बोरा, प्रखण्ड– हंटरगंज, जिला–चतरा में 132/33 के.वी. ग्रिड सब–स्टेशन निर्माण हेतु वनभूमि अपयोजन का ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/JH/Substation/39837/2019 इस प्रमंडल में समर्पित किये है, जिसमें निम्नलिखित त्रुटियॉ पाई गई :–

I. सभी पृष्ठों पर प्राधिकृत पदाधिकारी का नाम मूहर के साथ हस्ताक्षर होना अनिवार्य है, जो नहीं है।
II. सलंग्न Authorisation Letter में Authorise Person का पूर्ण विवरणी सलंग्न नहीं है।
III. पार्ट–। B के कंडिका B–1 में List of proposal submitted in past में Nil अंकित किया गया है, जबकि चतरा जिला का मौजा–डाढ़ा में भारत सरकार द्वारा 132/33 के.वी. ग्रिड सब स्टेशन का निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई, कृपया पूर्ण विवरणी अंकित किया जाय।
IV. पार्ट–। के बी–2.4 में 4.04 हे0 वनभूमि पर केवलं Total Grid Substation निर्माण दिखाया गया है, जबकि ग्रिड सब–स्टेशन के साथ आवासीय भवन/कार्यालय इत्यादि का निर्माण किया जाता है। कृपया Component Wise Breakup अंकित किया जाय।
V. प्रस्तावित क्षेत्र में कई पेड़–पौधे अवस्थित है, उनमें से कितने का पातन किया जाना है अथवा नहीं? इसका विवरणी अंकित नहीं है।
VI. प्रस्ताव में सलंग्न Justification में वनभूमि लेने के संबंध में स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है।
VII. Cost Benefit Analysis भारत सरकार द्वारा निर्गत प्रपत्र में नहीं है।
VIII. टोपो मैप में दर्शाये गये स्थल तथा संकेत (Legend) में अन्तर है, कृपया इसे ठीक कराया जाय।
IX. प्रस्तावित स्थल का अबतक पीलर से चिन्हन नहीं किया गया है, कृपया अविलम्ब कराकर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया जाय।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त त्रुटियों का निराकरण कर पुनः प्रस्ताव समर्पित किया जाय, ताकि अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

विश्वासभाजन

28.5.19

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा उत्तरी वन प्रमंडल।

24